"हाँ, धीरे ही चलिए पहुँच जाएंगे। यहीं मार्ग खूंटी के बीचो-बीच उत्तर से दक्षिण, राँची चाइबासा का मार्ग है। इसके केन्द्र में नेता जी चौक है। ठीक ढलान के नीचे, नीचे चौक से लगभग एक किलोमीटर पश्चिम में खूंटी मंडा है। यह एक सुनसान मैदान में स्थित है। मंदिर के चारों ओर पेड़ लगे हुए हैं। रास्ता मंदिर से उत्तर जाते हुए एक शाखा पूरब की ओर मुड़कर नीचे चौक में और एक सीधे कर्रा रोड में जा मिली है। रास्ता के किनारे आम के वृक्ष हैं।"

छोटा-सा मिट्टी का बना खपरैल मंडाघर या मंदिर है। इसका मुख्य द्वार पूरब की ओर है। प्रवेश पश्चिम मुँह कर किया जाता है। दक्षिण में निकासी द्वार है, उत्तर में गंगा की धारा है। प्रवेश द्वार की दहिनी ओर वारण्डा में महादेव की सवारी साँड की मूर्ति है। ठीक मंदिर के सामने पूरब में आँगन के किनारे धुवांसी का खूटा है। आंगन के किनारे उत्तर में भगतियाग है और इसके उत्तर में झुलने का मचान है एवं बड़ा-सा मेला टाँड़ है। मेला टांड़ के पूरब में महादेव-पार्वती का स्थान दिवीगुड़ी है। पश्चिम में पार्वती आश्रम या जयर है। मेलाटाँड़ से हटकर पूरब में दादलघाट है। अब खूंटी का मंडाघर व मंदिर और झुलन खूटा को पक्का बना दिया गया है।

पूर्णिमा को वैशाख मास चढ़ते ही खूंटी मंडा पर्व मनाने की तैयारी चलने लगती है। पूजारी एवं पाटभगता, ठाकुर, ढाँक, नगाड़ें, शहनाई वादक आदि की उपस्थिति मंडा के लिए पहले होती है। अन्य भगतिया इसके बाद अपनी-अपनी सुविधानुसार नौ, सात, पाँच व तीन दिनों का प्रवेश लेते हैं। इस प्रकार प्रतिवर्ष एक सौ से अधिक भगतिया इस मंडा में सम्मिलित होते हैं। हर एक भगतिया की सेवा के लिए अपनी सुविधानुसार उनकी माता, पत्नी या बहन भी भगतिया के समान ही घर में व्रत कर बड़े नियम धर्म का पालन करती हैं। इसके अलावे अंतिम दिन परिवार का अन्य एक पुरुष सदस्य भी साथ देने में रहता है। अमावस्या को भगतिया रूठकर पार्वती की शरण में जाते है। वैशाख शुक्ल पक्ष परिबा की रात भगतियों का धुवांसी अनुष्ठान

होता है। इस अनुष्ठान में भगतियों को पुजारी द्वारा पूजामंत्र उच्चारण के साथ उल्टे लटकाकर या पैर ऊपर सिर नीचेकर धुवन-धुप से धधकती आग की लपेटों पर तीन बार प्रत्येक को झुलाया जाता है। भगतिया झुला से उतरकर उसे प्रणाम करते जाता है। इस विधि से धुवांसी का कार्यक्रम सम्पन्न किया जाता है।

वैशाख द्वितीय की रात जागरण का होता है। इस रात को महादेव मंडा के आंगन में छऊ नृत्य प्रस्तुत किया जाता है इस नृत्य में गणेश, महादेव-पार्वती एवं देवी-देवताओं की जीवन लीला प्रस्तुत किया जाता है। दर्शक घेरे के अन्दर बैठकर मंत्र-मुग्ध हो देखते सुबह कर देते हैं। युवा वर्ग सभी कलाकार होते हैं और वे चारों ओर घूम-घूमकर अपनी कला प्रस्तुत करते जाते हैं। इसके अतिरिक्त बगल में अन्य नृत्य मंडली रात भर नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इस रात में भगतिया मंडा घर की रक्षा करते हैं। ताकि उस रात अव्रतियों का प्रवेश मंडाघर में न हो सके।

आधी रात के बाद अक्षय तृतीय का होता है। उसी समय भगतिया तथा पुजारी मंडल बगल में फूल खुन्दी के लिए अंगोर बनाने विधि-विधान से निकलते हैं तथा अंगोर के लिए आग जलाकर लौटते हैं। फिर एक घंटा के लगभग में जब अंगोर तैयार हो जाता है, तब सभी भगतिया मंडली, पुजारी एवं बाजे के साथ विधि के अनुसार फूलखून्दी के लिए निकलते हैं। सर्व प्रथम पुजारी हाथ से जल छिड़ककर शुद्धिकरण करता है तब एक भगतिया अंगार को दोनों हाथ से पहले महादेव के दरबार में ले जाकर चढ़ाता है। तब सभी भगतिया अंगोर के चारों ओर तीन बार घूमते हैं और फूल खून्दी करते हैं। पुनः वहाँ से लौटकर महादेव को प्रणाम करते है फिर विश्राम करते हैं तथा मंडा घर दखभाल में जुट जाते हैं। इसके दौरान मेले के अन्य कार्यक्रम ज्यों का त्यों बिना रूके चलते ही रहते हैं। इस तरह करते-करते जागरण का कार्यक्रम सुबह होते ही अपने-आप समाप्त हो जाता है। आस-पास के लोग अपने-अपने घर चले जाते हैं, फिर से तैयार होकर झुलन मेला देखने आने के लिए। इसी तृतीया को आस-पास के किसान और होने के पूर्व अपने खेतों में धनबुनी प्रारंभ करते हैं या मूठ गिराते हैं।

अक्षय तृतीया को सारे भगतिया अपने सहयोगी के साथ मंडा के पास पूरे साज सामानों के साथ अपने-अपने पड़ाव में रहते हैं। सुबह

सात-आठ बजे सारे भगतियागण दादुलधाट जाते हैं। वहाँ पर सर्व प्रथम भगतियागण पूरब मुहँकर सुर्य की उपासना करते परसा पत्ती से जलअर्पण करते हैं। फिर पटभगता को पाठ में उठाकर महादेव का उदबोधन करते हैं। शंख, ढाँक एवं दन्दुभी की आवाज गुंज उठती है। लोग इस पूजा-अनुष्ठान को देखना शुभ मानते हैं। इसके बाद यहाँ से पुजारी सीधे मंदिर चला जाता है। आम लोगों की पूजा इस समय से शुरू हो जाती है। आम लोग बकरा आदि की दक्षिण देवीगुड़ी में ही चढ़ाते हैं, मंडा मंदिर में सिर्फ दूध-फूल आदि चढ़ाते हैं।

भगतिया का दल दादुजघाट से एक पीपल के पेड़ की छाया में ढाँक नगाड़े की ताल में गोलाकार की पंक्ति में नृत्य प्रस्तुत करते हैं। खाली बदन, जेनुए पहने, रंगीन साड़ी की धोती पहने, पैर में घुंघरू, बाँए हाथ में बेंत कमर में टेके ऊपर किए हुए सिर पर फुल दाहिने हाथ मे नील गाय का चांवर लहराते हुए ढाँक-नगाड़े, शहनाई दंदभी की तान में यह नृत्य दर्शकों का मन मोह लेता है। इस नृत्य के दौरान महादेव का उद्बोधन करते जाते हैं-

बोले शिवा वाहे
जय जगरनाथ
बुचा महादेव
काशीविश्वनाथ
गया गजा धौ
बोले शिवा बाहे!

भगतियों के बीच में वादकों का आनंद भी देखते ही बनता है। जब झूलने का मचान तैयार हो जाता है तब भगतियों का नृत्य बंद हो जाता है। इस समय वे अपने-अपने ठहराव के पास चले जाते हैं। वे गुड़-पानी पीते हैं फिर झूलने के लिए गोलइची माला गले भर पहनते हैं। झूलन मचान पर सर्वप्रथम ढाँक वादक को झुलाते हैं। उसको तीन बार घुमाते हैं और वह घुमाते हुए ढाँक बजाते रहता है। इसके बाद भगतियागण अपनी सुविधानुसार लगातार एक-एक, दो-दो या तीन-तीन को डाँग में नया मारकिन कपड़ा से बांधकर लोगों को घुमाते हैं। भगतिया लोग झूलकर उतरने के बाद पार्वती आश्रम जाकर उसे प्रणाम करते हैं, तब महादेव को प्रणाम करते हैं। उसका सहयोगी उसे कांधे पर बैठाकर अपने पड़ाव पर ले जाता है। वहाँ वह अपने

लोगों से गले मिलता है। उसके बाद जो भी आहार लेने का है, वह लेता है। फिर मेले में खरीदने योग्य वस्तुएं खरीदकर वह अपने घर के लिए प्रस्थान करता है। गाँव पहुँचने पर अगल-बगल की औरतें लोटा में पानी लेकर आती हैं तथा उसके पैर धोती हैं। तब वह उनसे भी गले मिलता है तथा प्रसाद के रूप में फूल एवं मीठा जल पिलाता है।

तो खूंटी मंडा का संक्षेप सार यही है। अब तो आप देखिएगा ही। यह तजना नदी है। अब कहिए तो हम क्षण भर में पहुँच जाएंगे।" कहते हुए जेठा चुप हो गया। कुछ ही मिनटों में वे नेता जी चौक पहुँचे कि गाड़ी की चाल धीमी हो गई।

'हे मित्र! देखिए तो उन युवतियों को, वे दोनों इधर मांदर बजाती आ रही हैं। अब हम किस ओर से जाएं?" झरी ने कहा।

"नहीं बंधु! सीधे नीचे की ओर ही चलिए। मांदर बजाती हुई वो दोनों युवतियां नहीं हैं। वे दोनों रसिक युवक हैं। लड़कियों-सी पहन कर दोनों शहर के नीचे और ऊपर बजा फिर रहे हैं। छऊ टाँड़ में इन युवक-युवतियों ने बरेआ नृत्य करते हुए सारी रात बीता कर सुबह कर दिया है। इस वक्त उस ओर नाच-गान का कार्यक्रम थम गया है। जिस कारण वे दोनों इधर बजाते विहार कर रहे हैं। अब उस ओर का नृत्य-गान कुछ देर बाद पुनः आरंभ हो जाएगा। चलिए हम देखेंगे ही।"

जेठा के कहते ही वे नीचे चौक होते हुए दोनों उस ओर घुस गए। ठीक भट्ठी के पास पहुँचे हैं कि उधर से भगतिया दादुलघाट के लिए आ रहे हैं। वे दोनों भी देखने, दर्शन के लिए उतर गए, गाड़ी ऊपर खड़ी कर के।

दादुल घाट देखने के बाद अब सभी लोग लौट रहे हैं। चलते-चलते झरी ने कहा, "इस क्षेत्र में हमारे आदि नेग-दस्तुर ज्यों का त्यों बचे हुए हैं। किसी दिन खूँटी के भी महानगर बन जाने पर यह सब ऐसा ही रहेगा अथवा नहीं! अब भगतिया यहाँ से कहाँ जाएंगे?"

"वो! देखिए! उस पीपल पेड़ के नीचे अब ने नृत्य करेंगे। जब तक झूलन का मचान तैयार नहीं हो जाता। चलिए, अब हमने देख लिया। पहले हम महादेव का दर्शन कर लेंगे।" जेठा ने कहा।

वे दोनों भगतियों का नृत्य देख रहे हैं। नृत्य अब खत्म होनेवाला था, उससे पहले ही वे दोनों दर्शन के लिए चले गए। साखु दोना में सिरनी और

फूल खरीद कर महादेव मंडप चले गए। प्रणाम करते दोनों घुस गए तथा वे पुजारी को दोना दे रहे हैं। पुजारी ने एक-एक कर के नाम पूछा तथा उन दोनों के नाम से फूल और सिरनी चढ़ा दिया। तब उन दोनों ने महादेव को प्रणाम किया और निकल गए। उसके पश्चात् दोनों एक होटल पहुँचे। पहले तो उन्होंने कुछ प्रसादी खाया और बाकी को रूमाल में बांधकर रख लिया। उसके बाद दोनों ने नाश्ता किया।

अब धीरे-धीरे मंडा मेला पुनः जुमक रहा है। भगतियों का झूलना आरंभ हो गया है। वे दोनों भी देखने लगे। फूलों की वर्षा हो रही है। उसे दोनों ग्रहण कर रहे हैं। उसके बाद दोनों ने भ्रमण करना चाहा। युवक-युवतियों का दल भ्रमण कर रहा था, गाते-बजाते हुए। कोई बाँसरी बजा रहा है, कोई मुरली, कोई मांदर-ढोल बजा रहा है, कोई सारंगी। मेला इन सबसे गूंज उठा है। न कोई सिपाही है और न कोई रक्षक। सभी युवा डंडा-फरसा पकड़े हुए हैं। मेला में न कोई डर है और न कोई भय। किस समुदाय का आदमी नहीं है। भ्रमण करते-करते, "क्या रात को भी यहाँ इसी तरह लोग भ्रमण कर रहे थे, बंधु?" झरी ने कहा।

"नहीं बंधु! यह मंडा टाँड़ है। रात को लोग मंडा घर के चारों ओर भ्रमण कर रहे थे। भगतियों के लिए आग के बने फुलखुंदी के पास रातभर शहर में मांदर बजा रहे युवक-युवतियों ने नृत्य किया था।" जेठा ने कहा।

"इस ओर, इतना खुले जगह में रातभर युवक-युवतियों का नाचना, उन्हें डर नहीं लगा क्या?" झरी ने आश्चर्य से कहा।

"नहीं, क्या डर है! अकेले एक युवती भी सारी रात स्वतंत्र घूम सकती है। हाँ, अंधकार में युवक या युवती में भी डर तो रहता ही है भूत-प्रेतों से। नहीं तो और क्या डर है, कोई डर नहीं है।" जेठा ने जवाब दिया।

"हाँ, इधर के लोगों की आदत है इसलिए, नहीं तो भला डर नहीं लगेगा क्या!" झरी ने कहा।

"डर तो लगेगा! इसलिए रात को युवक-युवतियाँ मिल-जुलकर आना-जाना करते हैं। एक वर्ष वैसा ही हम यहाँ का छऊ देखने आ रहे थे। छोटा चाँद डूबा हुआ था। आधी रात का समय था। एक जगह रात अंधकार में भूत निकलने के लिए प्रसिद्ध है। हम वहाँ पहुँचे। वहीं पर रास्ते में एक जोड़े में पता नहीं कौन-सा जानवर निकले। हमारे पास एक ही कम रोशनी

का लालटेन था। बत्ती पास करने पर दोनों दिखाई दे रहे हैं नहीं तो नहीं। एक धांगर घंटा बूढ़ा घंटा बजाते उन दोनों को दौड़ा रहा है। हम बच्चे भी उसी ओर दौड़ते जा रहे हैं पीछे-पीछे। कुछ दूर उन्हें दौड़ाकर फिर हम छऊ नृत्य देखने आ गए। हमारी संख्या अधिक थी जिससे डर नहीं लगा। एक-दो व्यक्ति रहने पर पता नहीं क्या होता, यह नहीं बताया जा सकता है। उसी तरह बाद में एक-दो वर्षों तक मेरा भतीजा दशरथ गाँव के साथियो के साथ खूँटी में छऊ नृत्य सारी रात प्रस्तुत किया था।'' जेठा ने कहा।

''हमारे गाँव की भी इस मंडा में सहभागिता है?'' झरी ने पूछा।

''हाँ! हमारे गाँव तक इसकी सीमा है। इससे आगे का गाँव दूसरे मंडा में है और इसके बाद लगता है। पहले तो हमारे गाँव के वन से झूलन का डांग लाया जाता था। ऐसा लोग बताते हैं।'' जेठा बोला।

''बंधु, अब मेला जुमा हुआ है पर गर्मी चरम पर है। हवा एकदम शांत है। मेला कब अंत होगा?'' झरी ने पूछा।

''यह अब दोपहर के बाद अपने आप अंत हो जाएगा। अधिकतर लोग जाने लगे हैं। अंत में सिर्फ दूकाने बच जाएंगी। अब तो चलिए। हम भी गाँव में घुसते हुए जाएंगे। गर्मी कम हो जाने पर राँची लौट जाएंगे।'' जेठा ने कहा।

उसके पश्चात् बच्चों के लिए मिठाइयाँ खरीद कर मोटरसाइकिल में दोनों बैठ गए तथा घर की ओर प्रस्थान कर गए।

नवा सरा

उयुऊ दआ रआ सोमय तइकेना। चासा-बसा-सा एटेजाकन तइकेना। ठीकि ने-सोमय-गे मुसिं बोलोक सअते सरकारि सरा, हतु रेन मुण्डाआ ओड़आ रे उयुऊ जना गाड़ी-ते। ने सरा के हतु रेन खितियर होड़ोको के हटिंआको मेन्ते। तरा-दो पएसा ते अर तरा-दो बे-पएसाते, मेन्दो रिड़िं ते ओमेनं हिजुगाकन तइकेना। बे-पएसा-ते एनामेन्ते ओमओतन तइकेना, चियआचि ने-सरा रआ गुन-पेड़ेए निमतं जकेद हतु रेन होड़ोको कको इतुआकद तइकेना। पएसाते बइर मेनलेरेदो पुरआते होड़ो सरा कको किरिंएआ। नवा सरा नवा गे ओनचराकन तइकेना। बोलोकोवओगे कमि हेके चि खिति-बतितन होड़ोकोके ओड़ओ रेंगेए होड़ोकोके च तयोमाकन होड़ोकोके सरकारि देंगाते उबरकोवआ अर ओमाको। नवा नवा हिता, सरा, खितिइ होरा, रिड़िंकड़िको ओमाको लेकनआ नेरआ कमी तइकेना अर मेनआं।

नेअते सिदा दो हतु रेन होड़ोको बेगर बोलोक रआ सरा च बेगर रसायनिक सरा तेगेको खितितन तइकेना। गुरिइ सरा, दुबी सराते बारिको खितितन तइकेना। एनामेन्ते तरामरा गोड़ापिड़ी रे कोम गे उपुजा होबातन तइकेना। चिल्काते चि गुरिइ सरा हुपुड़िइ-हुपुड़िइको मेसाजद तइकेना आर गुरिइ सरा ते गोड़ापिड़ी रे रकम रआ तसद ओमोनतन तइकेना। कहेड़ेद तुसङ केरेदो बबा के तसद गे-ए उकु छबाया। ने-लेकाते होड़ोको रेंगेएतन तइकेना। बिर अर दारू सिंगको रे असरा तइकेना। सिरमा रे भगाजोगा मोसागेको चासातन तइकेना। एनाओ होबा जना दो मेनआं, क-होबा जना दो बनओ।

भगाजोगा साल भइर रआ जोम होबातन तइकेना। ओकोयआ संगी ओतेपिड़ी मेनअंको एनां-गे किसड़ांको तइकेना अर मेनअंकोआ। पटाओकेतेर अर सरा रानुको मेसा केतेर ओते पीड़ि रे उपुजा पोसाए रआ जेतन सुबिसताको क-तइकेना।

नाअंदो अउआकन सरा हटिंग रआ जिमा पंचाइटि रेन भी.एल. डब्लुवआ तइकेना। एन भी.एल. डब्लू. खूब भड़ा-भड़ातनेए जगरतनकेन लेकाते इनिइके भड़भड़िआ भी.एल.डब्लु को मेतइतन तइकेना।

गपातेरे नाअंदो एन भी.एल.डब्लु. सरा हटिं मेन्ते सेतआ रे-ए हिजुऊ जना। साइकिल चेतनतेगे चेतनटोला सआ रेन होड़ोकोकेदो-ए उदुब गरका तुकाको जना। एनाते ठीकि भी.एल.डब्लु तलाटोला रे-ए थेबआ केदा। साइकिल मंड़ीलेन चि तिंगु जना। दिंगआ होड़ो साइकिल मयंग रे कटा चपदलेद चि थेच्चेकेनेए हड़गुन जना। कुआं तआ रे मुण्डाआ कोनेआं थिपीको-ए गसरतन तइकेना। लसड़िते इनिइ के-ए मेतइ तना, “क-तीअन पकाई भाभी?” मुण्डाआ कोनेआं बुझओ जना चि-भइ क-ए बुझओ जना। कजिरूड़ा केदा-ए, “एन्ते गेदंए सेनओं जना!” ददात्र कोतिइ जना मेतत्र तना जाअ मेन्ते। भी.एल.डब्लु. ने कजिइ बुझओ जना चि भइ-का! इनिइओ एनाते हपे-हपे साइकिल रे फलंगवन जनचि लतरटोलामुलिइ सेनओं जना।

भी.एल.डब्लु. सोजे जोजोसुबा रे-ए तिंगुन जना। अर साइकिलए टिड़िं ....लआ। सोमा अयुमे चुटिगे-ए उडुंलेना दो, भी.एल.डब्लु. हेके। एनलोदगे हिजुऊ लेन चि-इ मेन, “परनाम सर!”

“हूंउ, दोला अपे सोबेनको सरा तेला। नेतेरेन सोबेनको के अम जूबोदे उदुबाकोम।” भी.एल.डब्लुइ कजि केदा। “हे मर,” मेनेलोद सोमा सोबेनकोके-ए उदुबको तना ओड़आ-ओड़आ सेन-सेन केतेर।

एन्कादो सिदा हुलां रे कजिआ कना, गपा बोलोक सरा हटिंओंगा मेनेयआ। एनामेन्ते एनकन सोबेन होड़ोको ओड़आ रेगे मेनआकोआ। इन्कु जोतो सरा हटिंओंओ सोमयगेको तंगितन तइकेना।

ने लेका नाअंदो भी.एल.डब्लु. हतु रे सोबेन मुलिइ उदुबको जना। एनाते सिदा रे सरा दोआकन ओड़आ तआए रूड़ा जना अर होड़ोको-ए लेलहोरा तना। हुड़िं गाड़ि रेगे चेतन-लतरटोला सोबेन मुलिते हतु रेनको मिमिद, बबर, अपपिहोड़ो दोपद-दोपदको हिजुऊ तना। सोबेनको सरा तेलाए

अर गो-ओ इदिए नतेन अपन-अपन बोरा, खनची अर सिकुवर-चकुली लेकनअंको अउतोरसा जदको तइकेना।

सरा हटिं एटेए जना, तुला-तुला केअद। तुलातन होड़ो हातु रेनकोगे तइकेना। भी.एल.डब्लु. रजिस्टर रे सोबेनकोवआ लुतुमेए ओलइदि जद तइकेना अर नेआंओ-ए ओलइदि जदा चि ओकोए चिमुं सरा बेपएसा ते-ए नम जदा अर चिमुं पएसा ते-ए नम जदा मेनेयआं। एनाते लुतुम पन्ति रे एन होड़ोको-ए सही रिका इदि जदकोआ। ओकोए लुतुम ओल-का इतुआनिइ के-ए ठेपा रिका जअकोतन तइकेना।

बेपएसा-ते च फिरिते हटिंओंओतन सरा सोबेनको के बराबरि नम जना। मेन्दो पएसाते च रिड़िंते रआ सरा ओकोए चिमुं अउमोने जअइआ इनिइ इमुंगेए ओमओंतन तइकेना। तरामरा कोरे दो बोरोओ हिजुऊतन तइकेना, "तयोम ते ओम रूड़ा धड़ियोगा चिभइ-का!" मेने मेने! इमिन रेओगे अपन अपन गोड़ापिड़ी दोरेयब केतेर अर कुलिपुरसा लेतेको अउकेदगेको तइकेना।

एन सोमय सरकारि सरा च बोलोक सरा रआ गानोंग कोम गे तइकेना। ठीकि एनकोरे होड़ोकोतआकोरे पएसा च टकाओ क-तइन तनकेना। एनामेन्ते सरकारआ सनां तइकेना, "नवा सरा बोलोक सआते परचरे रआ। सिदा सिदापएसा तेदो जेतएकको किरिंएआं, अर बेपएसा च फिरितेदो जरूडुतेको अगुइ-आ। बे-पएसा-ते बारि अउलेरेओ नेरआ गुनको इतुकेरे दो अयर सिरमा दोको किरिंएगेआ" मेन्ते। तयोम दो हतु रेन सोबेन खितियर होड़ोको अपन अपन हिसा सराको नमकेदा। तिकिन सिंगी गोड़ेए जना। एनाते कुआं रे अबुं बइनजन चि भी.एल.डब्लु. के मुण्डाआ ओड़आ रे मण्डीउतुको खिआओ किइआ अर चुना-तमाकुजन चि तयोम दो इनिइ रूड़ा जना।

नवा नवा नाअंदो हतु रेन सोबेन ओड़आ रेन होड़ो सराको नमकेदा। बोलोक सअते। गोड़ापिड़ी रे गोड़ाबबा रे सरकारी सराको हेर मेसा केदा। गोड़ाबबा ओमोन गे हेड़ा, गुल-गुलतन हरा रकब जना। गामा एन सिरमा क-ए घटिकेदा। गोड़ाबबा एन सिरमा सिदा सिरमाते अदिका-गे होबा जना, सोबेनकोवआ। पांड़ां मोयोद मरंग लेकन पिड़ी रे एन सराते गोड़ाबबा-ए चासा केदा। अनादो खूब उपुजा जना अर एन सिरमा-दो एन मिआद गोड़ा रेगे हिसिबरिआ-ए बन्दी केदा। हे गेको पतिआ जना रसायनिक सरा रअ गुन-पेड़ेए! तयोम सिरमा दो एन पिड़ी रे कोदे-ए रोआ केदा। एनाओ हले

लटिइगिड़ि जना अर कोदेओ मोद हिसिगोटए पोटोम केदा। नेअंते सिदा दो ने पिड़ी रे गोड़ाबबा क-क-ते भगाजोगा मोड़ें खण्डी लेका होबातन तइकेना।

ने-लेका ने-लेका-ते रसायनिक सरा रआ परभाव हतु होड़ोकोरे ठोओ जना। खासे लेकाते गोड़ापिड़ी ओतेकोनं दो इसुगे मजा। ने एटेए दिपिलि रे सरा रअ गुन पुरआ गे तइकेना अर कोम गोनोंग तइकेना। मोद सिरमा लगवलेद सरा रआ गुन तयोम सिरमा जकेद तइन जना। ने-लेका-ने-लेका-ते खिति रे सुधुरकओ-सोतओ लेना अर होड़ोवआ जोपोम सोतओ लेना। अगहन चण्डुऊ, मागे चण्डुऊ गामा रेगे एन सोमय गोड़ाबबा, गुड्डुलु, कोदे अर रम्बड़ाको हेरे नतेन गोड़ापिड़ीको सी-तेयर जदको तइकेना।

हतु होड़ोको ओड़ओको अयरतेको बिचर तना, "मेन्दो सनमंअन सोमय रे होयोदआ गे बदिलि जना। बे-से लेका गामा-गे बनओं जना। जरगी क-ए पुराजद ते खिति कहोबा तनाअर हतुरेनकोरे रेंगेए हिजुऊ जना। हलाजोला 1979 ई. अते नेसआ, मेनेम करम चण्डुऊ रेगे गामा-ए बगे जदा अर सोजे असड़ा चण्डुऊ रे-ए गामा एटेए जदा।

बदिलितिन ने-सोमय रे खितितन होड़ोको गोड़ाबबा-गुड्डुलु खितिइ नतेन गोड़ापिड़ी कको तेयर धड़िआ तना। आसाड़ा रे गामा एटेए जदा ने सोमय। ने-लेकाते गुड्डुलु-गोड़ाबबा अर कोदे लेकनको रआ खितिगेकको खिति धड़िआ तना। नगे सुरगुजा होड़ेएको खिति धड़िआ तना। सिदा दो गुड्डुलु इरकेतेर एनगोड़ा रे सुरगुजा, होड़ेए ओड़ओ संगाकोको चासा धड़िआतन तइकेना। मेन्दो नाअंदो जां-लेका गड़हा लोयोंगको रे दो दआ पुरा तना, चेतन लोयोंग च बदीको रआ कनउ, करंड़ीकोदो चासा गे होका जना। मेनेम रइसीकोओ ठीकि लेका कहोबा तना।

"हे, सिदा जूगु दो पुरआ गे-ए गामा जएकेना। होड़ोको सिदा सोमय गड़हा लोयोंग कको सुकुआतन तइकेना। चिल्काते चि एनाकोरे खितिइ रआ नगे ताकानमओतन तइकेना, नगे मजा होबओतन तइकेना दआते। एन सोमय चेतन लोयोंगकोरे खूब होनोबा तइकेना। चिल्काते, चि दआ क-ए घटिजद तइकेना। सनमंअन जूगु रे ठीकि एटआ जना। गड़ा लोयोंगकोरेखिति होबा तना अर चेतन लोयोंगकोरे दआ रआ रिंगाते कहोबा तना।" हड़म होड़ो मेनकेदा। हतु सभा रे।

"नाअंदो मंड़ि-मंड़िते सरा रआ परचर होबा जना। एन्कागे मंड़ि-मंड़िते

सरा रआ गोनोंग अदिका इदि जना, अर सरा गुनों कोमइदि जना। नवा-ते-नवा सराको उड़ुंइदि तना। मंड़ि मंड़िते ने-सराकोते खासे लेकाते लोयोंगको बगड़व तना। ओते रआ सरगद हइन तना। मनोआ नतेन नवा सरा च सरकारि सरा च रसायनिक सरा एदका सबुतु इदियोओ तना। ने समय रे एन एदकाकोते हरदुऊ नतेन एटआ सरा चिल्काचि लेन्डद सरा ओनचर जना। सिदा जूगु लेका गुरिड इ सरा, तोरोए सरा, कोरोंजो-बा अर कोरोंजो काड़े लेकन सराको खितिइ ओते रे ओमे रआ पुरआ जोर सेड़ांन होड़ोको ओम जदा। ने-सराको बेपएसा ते कारे कोम गोनोंग ते नमओं तना हतुकोरे दो। मनोवा जिदन नतेन ने-गुरिइ सराकोगे मजाउतर सराको हिसबओ तना। इमिन रेओगे नवा सरा च रसायनिक सरा सनमंअन जूगुरे खिति रआ कजुदओ ओंग बइ जना।" सोमा-एमेन केदा।

"हे! नेअंके बराबरि नं क-बगी धड़ियोगा। ने दिपिलि दिसुम रे उपुजा पोसाकना दो ने नवा सरातेगे। सिरमा रआ सोबेन-सा-रे ने सोमय रकम रेयआ उतुइयआको उपुजा तना गोड़ापिड़ी कोरे। एनामेन्ते नवा सरा मनोवा जिदन रआ ओंग बइजना। दिसुम रे चउलीदालि एमनको कघटिआ कना दो ने नवा सरा अर रानुको रआ पोरतब तेगे। चिल्का-चिल्का होड़ोकोबु पोसाइदि तना, एन्का-एन्का ओतेअड़ी हिसओ कोमइदि तना। सेड़ां-दं नवा ते नवा पोसाइदि तना, ओतेअड़ी दो का। एना दो मेनेम कोमन-कोमन दो हटिं-हटिंते सेरेदगिड़ी जना। ने हुडिं लेकन ओतेअड़ी रे पटवार सुबिस्ताको जोगाड़ि केतेर नवा सराको मेसा केतेर उपुजा संगी धड़ियोओ तना।" टुन्डुरे भी.एल. डब्लुइ कजिकेदा अर एनातेदो सभा अपनदड़ि जना।

नया खाद

वर्षा आरम्भ का समय था। गाँव में कृषि का काम शुरू हो चुका था। ठीक इसी समय ही एक दिन प्रखण्ड की ओर से सरकारी खाद, गाँव के मुण्डा के घर में गिराया गया था, गाड़ी से। उस खाद को गाँव के खेतिहार किसानों को देने के लिए। कुछ (खाद) को पैसे से और कुछ को बे-पैसे से, परन्तु ऋण देने के लिए आया हुआ था। मुफ्त से इसलिए दिया जा रहा था कि ग्रामीण इस खाद के बारे में अनभिज्ञ थे। सिर्फ पैसे से कहने से तो अधिकतर लोग खाद लेना नहीं चाहते। नया खाद नया ही आया हुआ था। प्रखण्ड का भी काम ही था कि खेतिहर लोगों को और गरीबों या पिछड़े हुए लोगों को सरकारी सहायता से उन्हें विकास करना और उपलब्ध कराना आदि इसका काम था और है भी।

इसके पहले तो गाँव के लोग बिना प्रखण्ड के खाद या बेगर रसायनिक खाद से ही खेती करते आ रहे थे। वे सिर्फ गोबर खाद, कम्पोस्ट खाद से ही खेती करते थे। इस कारण टांड़ों में कम ही उपज हो पाता था। क्योंकि वे गोबर खाद कम मात्रा में लगा पाते थे और गोबर खाद से टांड़ में कई प्रकार के घास निकल आती थी। निकावन नहीं करने से घास धान को दबा देता है। इस प्रकार से लोग गरीब थे। वे जंगल और वृक्षों में निर्भर रहते थे। मुश्किल से वर्ष में वे एक ही बार कृषि कर पाते थे। वो भी हो गया तो है और नहीं हुआ तो नहीं है। लगभग सालभर का भोजन हो पाता था। जिसका अधिक खेत बारी होता था,वहीं अमीर होते थे और हैं भी।

सिंचाई कर एवं खाद दवा आदि के द्वारा खेतों में उपज बढ़ाने की कोई सुविधाएँ नहीं थी।

अब तो लाया हुआ खाद को बाँटने का जिम्मा पंचायत के भी.एल. डब्लु. का था। वो भी.एल.डब्लु. खूब भड़-भड़ाकर बात करता था। इसलिए उसे लोग भड़भड़िया भी.एल.डब्लु कहा करते थे।

दूसरे दिन सबेरे भी.एल.डब्लु खाद बाँटने के लिए आया। साइकिल से ही ऊपरटोली के लोगों को बताते बुलाते आया। उसके बाद ठीक बीचटोली पहुँचा। साइकिल की गति धीमी होकर रूक गई नाटा आदमी, वह साइकिल के सोकेट में पैर रखकर थेच-सा उतरा। कुआं के पास मुण्डा की पत्नी बरतन धो रही थी। मजाक से उसने उससे कहा, "क-तीअन पकाई भाभी ?" मुण्डा की पत्नी समझी या नहीं समझी। वह जवाब दी, "उधर ही तो चले गए!" मेरे भइया किधर चले गए पूछ रहा होगा समझकर। भी.एल. डब्लु भी इस बात को समझा या नहीं समझा। उसके बाद वह भी चुपचाप साइकिल में सवार होकर नीचेटोली की ओर चला गया।

भी.एल.डब्लु सीधे इमली पेड़ के नीचे रूक गया। उसने साइकिल की घंटी..............बजा दी। सुनते ही सोमा निकला तो भी.एल.डब्लु है। तुरन्त ही आया और वह बोला, "प्रणाम सर!"

"हूँऊ, चलिए, आप सभी खाद लेने के लिए। इधर के सबको आप जल्दी से खबर कर दीजिए।" भी.एल.डब्लु ने कहा। ठीक है सर। कहते हुए सोमा सबको खबर किया जा-जाकर।

वैसे तो पहले दिन बताया गया था कि कल प्रखण्ड का खाद बंटाएगा-सो। इसलिए वैसे सभी लोग घर में ही थे। खाद बंटाने की बाट ही जोह रहे थे।

खाद वितरण की सूचना भी.एल.डब्लु ने गाँव के सभी ओर दे दी। उसके बाद उसने पहले खाद रखा हुआ घर के पास लौटा और लोगों की इंतजारी करने लगा। कुछ ही देर में ऊपर, नीचेटोली सभी ओर से गाँव के लोग एक-एक, दो-दो करके व्यक्ति दल के दल आने लगे। सब लोग खाद लेने और ढोकर ले जाने के लिए अपना-अपना बोरा, खाँची तथा सिका-झोड़ी आदि लेते आ रहे थे।

खाद बाँटना शुरू हो गया, तौल-तौलकर। तौलने वालें गाँव के लोग

ही थे। भी.एल.डब्लु रजिस्टर में सबका नाम लिखते जा रहा था, और वह यह भी लिखते जा रहा था कि किसे कितना खाद मुफ्त में मिला और कितना पैसे से मिला। उसके बाद नाम के सामने उस व्यक्ति का हस्ताक्षर करवाते जा रहा था। जिसे नाम लिखने नहीं आता था उसको अंगुठे का निशान दिलवाते जा रहा था।

बे-पैसे से या निःशुल्क बांटा जा रहा खाद सबको बराबर मिला। परन्तु पैसे से या ऋण का खाद जो जितना लेने चाह रहा था, उसे उतना ही दिया जा रहा था। कुछ लोग को तो भय भी था कि "बाद में आदयगी किया जा सकता है या नहीं!" कह-कहकर फिर भी अपने-अपने खेत टांड़ों के हिसाब से तथा उसका लेखा-जोखा पूछकर वे लेते ही जा रहे थे।

आरम्भ में सरकारी खाद का कम दाम था। ठीक उस समय लोगों के पास रूपये पैसे नहीं था। इसलिए सरकार की चाह थी कि - "नया खाद ब्लॉक की ओर से प्रचार करने का। पहले-पहल तो पैसे से कोई भी नहीं खरीदेगा और निःशुल्क लेने पर लोग इसकी गुण को जानकर अगले वर्ष तो खरीदेंगे ही।" यह सोचकर बाद में गाँव के सभी खेतिहार अपने-अपने हिस्सा का खाद ले लिया। दोपहर का समय था, कुआं में धोकर उन्होंने भी.एल.डब्लु को मुण्डा के घर में भोजन कराया फिर तम्बाकू खाने के बाद वह चला गया।

नया-नया खाद अबकी गाँव के प्रत्येक घर के लोगों को मिला, प्रखण्ड की ओर से। टाँड़ों में गोड़ाधान में सब कोई सरकारी खाद लगाया। गोड़ाधान जन्मना ही देरी तुरन्त लह-लहा उठा। उस वर्ष वर्षा भी अच्छी हुई। सबका गोड़ाधान उस वर्ष पहले वर्ष से अधिक उपजा। पाहन ने एक बड़े-से टाँड़ में उस खाद से गोड़ाधान की खेती की। वह भी खूब उपजा और उस वर्ष तो उसने एक ही बड़ा टाँड़ में बाईस मोरे बाँधे। सच में ही लोग माने रसायनिक खाद की गुण-शक्ति। दूसरे साल उस टाँड़ में उसने मड़ुवा की खेती की। वह भी कहो खूब हुआ और उसने मड़ुआ के बीस मोरे बाँधे। इससे पहले उस टाँड़ में गोड़ाधान नहीं-नहीं में मुश्किल से एक काठ के लगभग होता था।

इस तरह से रासायनिक खाद का प्रभाव गाँव के लोगों पर पड़ा। खासकर टाँड़ जमीन के लिए तो बहुत ही अच्छा, इस शुरुआती दौर में खाद गुणकारी था और इसकी कीमत कम होती थी। एक वर्ष का दिया खाद का

गुण दूसरे वर्ष तक रहा। इसी भाँति से कृषि में सुधार हुआ था और लोगों का खाद्यान्न बरकरार था। अगहन मास, माघ मास की वर्षा में ही उस समय गोड़ाधान, गोंदली, मड़ुआ और उरद बोने के लिए टाँड़ो को वे जोतकर तैयार कर लेते थे।

फिर गाँव के लोग विचार दे रहे हैं कि "वर्तमान युग में जलवायु में परिवर्तन आ गया है। ठीक से वर्षा ही नहीं होती है। वर्षा कम होने के कारण खेती नहीं हो रही है तथा गाँव के लोगों में गरीबी आ गई है। लगभग 1979 ई. के बाद से कहा जाए तो करम मास में ही वर्षा छोड़ दे रही है और सीधे आषाढ़ में वर्षा आरम्भ हो रही है।

बदलते हुए इस परिवेश में खेतिहर लोग गोड़ाधान गोंदली खेती करने के लिए टाँड़ तैयार नहीं कर सक रहे हैं। इस समय आषाढ़ में वर्षा शुरू हो रही है। जिस कारण गोंदली, गोड़ाधान और मड़ुआ आदि की खेती ही नहीं लगा पा रहे हैं। न सरगुजा, कुरथी आदि की खेती कर सक रहे हैं। पहले तो गोंदली काटकर उसी टाँड़ में सरगुजा, कुरथी और सकरकन्द आदि की खेती की जा रही थी। परन्तु अब तो किसी तरह गडढा खेतों में तो पानी पुर रहा है। ऊपरी खेतों में या चौंराओं का कनऊ, करहनी आदि की खेती ही रूक गई है। कहना चाहिए कि अब तो राईस धान भी ठीक से नहीं हो पा रहा है।"

"हाँ, पहले समय तो वर्षा अधिक होती थी। उस युग में गड्ढा दोन को लोग पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि उन खेतों में खेती करने का न ताक मिलता था, न ही खेती अच्छी होती थी, पानी से। वर्तमान युग में ठीक उल्टा हो गया। गड्ढा खेतों में अच्छी खेती हो रही है तथा ऊपरी खेतों में पानी की कमी के कारण नहीं हो रही है।" ग्राम सभा में बूढ़े ने कहा।

"अब तो धीरे-धीरे से खाद का प्रचार हो गया। वैसे ही खाद का दाम भी बढ़ गया और खाद के गुण में गिरावट आते गया। नया से नया खाद निकलते गया। नाना प्रकार का खाद टाँड़ और खेतों मे लगाना पड़ रहा है। धीरे-धीरे इन खादों से विशेषकर दोन खेत बिगड़ते जा रहा है। जमीन का उर्वर नष्ट हो रहा है। मनुष्य के लिए नया खाद या सरकारी खाद अथवा रसायनिक खाद हानिकारक प्रमाणित होते जा रहा है। हाल में इस प्रदूषण से बचने के लिए दूसरा खाद जैसे केंचुआ खाद निकला। पहले युग की तरह

गोबर खाद, राख, करंज-फूल और करंज खली जैसे खादों को खेत में लगाने पर जोर ज्ञानी लोग दे रहे हैं। ये खाद निःशुल्क या सस्ते दाम में मिलता है गाँव में। गोबर खाद ही खेतों के लिए उपयुक्त है। फिर भी रसायनिक खाद वर्तमान युग में खेती का अभिन्न अंग बन गया है।" सोमा ने कहा।

"हाँ! इसको बराबर के लिए नहीं छोड़ा जा सकता है। वर्तमान मे देश में उपज में वृद्धि हुई है तो इस नया खाद से ही। वर्ष के सभी मौसम में इस समय तरह-तरह की सब्जियाँ उपज रही है खेत-टाड़ों में। इसलिए नया खाद मानव जीवन का अंग बन गया है। देश में चावल-दाल आदि की कमी नहीं है तो इसी नया खाद बीज और दवाओं के परतब से ही। जैसे-जैसे जनसंख्या में वृद्धि हो रही है, वैसे-वैसे जमीन जायदाद का हिस्सा छोटा होते जा रहा है। ज्ञान से नयी से नयी चीजें विकसित हो रही हैं, जमीन जायदाद तो नहीं! इस छोटे आकार की खेतीबारी में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कर और नये खाद का प्रयोग कर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है।" अन्त में भी.एल. डब्लु ने कहा और उसके बाद सभा विसर्जित हो गई।

जोअर

मोद सिरमा रआ कजि, बिर रे हंतीइ हिजुगाकन तइकेना। बबा दौंरी मेनेम छबा चोटेआकन तइकेना। तरालेकागे दौंरीआकन बबा कुदहा कोलोम रे तइआकन तइकेना। पूस मागे चण्डुउ तइकेना। निंतम जकेद रबंओ टुण्डुउ रे निदा बलि गुयु रे एसेकर गे-ए गितिजाकन तइकेना। सोंजोकोते एन निदा गे इनियआ कोलोम रे हंतीयोए हिजुऊ जना। बबा कुदहा ठीकि गुयु दुअर सोजे रे तइकेना। एनाते इनिइ बबा जोमे सिदा रे गुयु दुअर रेए हिजुगाकन तइकेना। एनाते इनिइ मिद लेकाए सड़ि उड़ुंग केदा 'हांय'! बलि दुड़ुम चोटेआकन तइकेना। अयुमे चुटिगेए अगम केदा, "गनसा बोंगाए हिजुगा कना?" जी बितर रे कजि केदा। बोरोते इनियआ जी मोसा दो ओटंगिड़ि जना। मेन्दो सयद बियुर केअतेए उडुउ तना, "तिसिदोंञ गो-ए जना! निर दो ओड़ओ गे गुना अर अनाबोले कोमुलितेञ निरा? जाँगे चिकओ! अञ गुयुअते कञ उड़ुंगोगा।" सासे केअतेए कजि कदा।

इनिइ जी बितर रेगेए ठनव केदां चियआ मेन्ते चि हंती गुयु समंग रेगेए तइकेना। कबोरोए हंती बबा जोम नंए बियुरेन जन चि बलि दो बोरोते एकेलतान लोदते मंडिते उल्ठवन जना। गुयु रे-एइकुडुमेन ओबोरेन जना अर तीकिन जोड़ा केअतेए कजि हपा केदा, "ए गनसा बोंगा! ए भोगोमन! अमदो मरङ होड़ोदं! अञदो मिअद रेंगेए होड़ो हेके! अमआं बोरोते अञआं-जी-रे जी बनओं लेकञ ठोर जदा! दोअकेतेर अम नेमन ते जू बोदे सेनओंमे अर अञआं-जी बन-चव तम! ए गनसा मरङ होड़ो! अञदो अमके खने-खने जी

बितर रेञ जोअर तना!"

"ए गनसा गोंगा .... जोअर तना!"

जी रेगेए रूइन जना इनिइ दो। खने-खने चिमिनसा लेका नरमकोओतेए भाव केदा। टुण्डु रे हंती गड़िकद रेगे एमनतेए सेनओं जना। बेगर बबा जोम केअते।

तेतेए निदा तइकेना। बलिइ इतुअनतन तइकेना, हंती नतेन जी रेओ एदका उडुऊकेरे दो अञदो कञ बनचव धड़ियोओ तइकेना मेनअन। एनामेन्ते जी रे गोअरि भाव ओमेगे इनियआ मिअद होरा तइकेना, इनिइ ते हरदुउन रआ। एन तयोम दो सिङबोंगा गे इतुअन तइकेना। बलि ने कजि को सिदाअते गेए सरितन तइकेना। एनामेन्ते इनिइ एनका गेए रिका केदा। नेलेकन सेंड़ाको इनिइ अयते मपरंगको च हड़मको तअतेए इतुलआ, कोलोम रे जमाकनते भूरसी जीरूबतन लोओ ओड़ओ अजउड़िआकन सोमए रे जारू जगर दुनुब कोरे।

मुण्डा च आदिवासीको बराबरि बिर रेगेको तइअउआ कना, बिर जनोवरकोलोओ। निकुगे बिर मंआ फइल केअते खितीइ ओतेको कइकेदा। एनाते एन ओतेअड़ि कोरे खितीबती केअतेको असुलेन जना।बिर रआ खिती के बिर जनोवर कोते बंचवे टोटओतन तइकेना। चेड़ें चिपुरूद, बन्दरा गाड़ि, बाना, चुटु कटेया ओड़ओ कुलय लेकन बिर जनोवरकोकेदो अपनआं पेड़ेए तेको हरगिड़ियोओतन तइकेना, मेन्दो हंती लेकन फेड़ेगन जांउत के पेड़ेएते क-ए खुदओगिड़ि धड़ियोओ तइकेना अर नगे धड़ियोगा। मुदा मोन्तोर तेए खुदओआ अर नेअं मोन्तोर नरमेनआं रआ तनआं नेका-का चि पेड़ेए ओमे रआ। पेड़ेए ओमकेअतेओगे हुड़िखोन नतेन दो-ए खुदओगिड़ि धड़ियोगा मेन्दो इनिइ खींसियोओ तना अर जाँ-तआ-क जाँ-तआ रे ने खींसि रआ होरा ए अपनव जदा।

बिर दिसुम होड़ोको च सिदा जूगु रेन होड़ोको नरमेन रेगेको ठेकओआकन तइकेना अर मेनअंकोआ। एना ओड़ओ ने लेका मेनअं, "अञ मिअद हुड़िं होड़ो हेके। इसु बलएते अञ खितिआ कदा। जुदि अम नेअं जोम केरेदो अञ चिकनअञ जोमेआ। अमदो पेड़ेगन अर मरङ अम! अम नतेन दो गोटा बिरं मेनआं। जू-अम सेनओं मे अर अञ रेंगेए होड़ो रे दोवाएमे! अञ अमेञ जोअर जअमा!"

नरमेनते ती-जोड़ाकेअते कजिलेरे लोयोंग रआ बबा क जोम केअते, बेगर तयोम सआ हेता रूड़ा केअते हंती अयर तेगेए सेनोगा। ने जोअर च नरमेनआं रेगे बोंगाबुरु ठेकववा कना अर धरम। जान गे धरम रआ ओरोतो तनअं सिंङबोंगा, दिवि देंवता च पेड़ेए रआ समं रे जोअर तिरूबे रअ अर कारे इनियआ समं रे अपनआ नरमेनआं उदुबे तनआ।

सरना धरम परकिरितियआ बोंगा रे बोरसा मेनअ। ने परकिरिति च भोगोमन रेगे खिती ओड़ओ मनोवाआ जीउदन मेनआं। नेआं बेगर दो सुसिरिजन रअ दो उडुगो-क-उडुऊ धड़ियोओ तना। एनामेन्ते सिंङबोंगा पुरखाको, गोत्रको ओड़ओ परकिरिति रे बिसुवासेए दो तदा। जां-गे नेग कमि के एटेए रे अर टुण्डुइ रे चेतन रे उदुबाकन पोड़ेएकोके ठोर्रूड़ा रे सोमय च मोसमको लेकाते जुदा जुदा बोंगाआ नतुम रूपु रे इन्कुवआ बोंगा बुरूउ तना। सिंङबोंगाआ दोआ नतेन ओड़ओ इनिइ तअते सुकुसनां मोने असि रे मनोवा-ए बोंगा तना। इनिइकेए दोड़ोमइ तना। इनियआ समं रे-ए गोअरि तना नरमकोअते। नेअंगे इतियआ नरमेनआं च जोअर तनआं।

जोअर, मनोवा जीउदन रअ मरंउतर धरम हेके। सोबेन होड़ो अयाते हुपुड़िंको के आसिस ओम केअते इनिङ के को जोअरि तना। समाज रे सोबेनते हुड़ि होड़ो अपिमा च तुरिमा रेनिइ तइना। इनिइ के जोअरि नतेन जां हतु रे हतु रेन जोतो ओड़आ रेन होड़ोको जमाकेअतेको रिका तना। नेआं जोगड़ि के छठीबु मेता तना। अपनते मपरंको के सोबेन होड़ोको जोअरको तना। हतु रे समाज रे रिसिता-नाता मरङ मेनआं। कोमन नाता मरङ मेनआं एमन अपनते जोनोमते हुड़िनिइ जोअरओ तना। अड़ान्दि-बला लेकन मोकाको रे सोबेन सोलोट रेन हुड़िंग मपरङ कोके मोद लेका मइनजलोद जोपोअर रआ होरा मेनआं। गुरु के, कुपुल के, बोंगा के सुकुइरिइ रआ मोयोद गे मोन्तोर मेनआं जोअर।

अबु समाजे रे नेअंकोलोद तेगे बबा एंगा, गोदे एंगा, उरिइ एंगा-मेरोम एंगा लेकन सोबेन संसाधनको के जोअर मइनओं रअ हेओवा मेनआं। ओड़आ रे जाएंआ एंगा-अपुवआ गोनो-ए होबा जना दो इनियआ जोम-नूं अउरि होबओ जकेद एन ओड़आ रे नगे अड़ान्दि कोड़ान्दि बयुगा नगे नवां ओड़आ गे बइ धड़ियोगा। एनामेन्ते गो-ए जन एंगा-अपुवआ जोम-नूं परब इनियआ च गुरुवआ बोंगा च जोअर गे तनआं। आदिवासी समाज रे ने जोअर परब मागे

चण्डुऊ रे संगिपति ते मनतिंओं तना। ने लेका ते मागे परब पुरखाकोवआ बोंगा बुरु रआ परब हेके। जान होड़ो के, सोंगे के, सयोब के, राजा के च मुदइकेओ सोंगे रूअड़इ रआ मूल मोन्तोर 'जोअर' तनअं। ने जोअर च नरमेनआ ते बलि फेड़ेएगिड़िअन जांउतु हंती ते अयआ जी-इ हरदुऊ लआ।

सोहराई परब तयोम, नबेम्बर-दिसम्बर चण्डुऊ रे लोयोंग बबा जरोम लेना। मदुकमडीह लुतुमे हुड़िं-हुड़िं हतु बिर अतोम रे मेनआं रेन बलि लुतुमतेन होड़ो बबा इरे सिदा रे कोलोमए लअआ केदा, बबा इर केअते जमाए नतेन अर दौंरीए नं। ने कोलोम ओड़आ अते फरकानोओं रे मेनअं टयद रे तइकेना। एन कोलोम रे इर-दो-जमाकन बबा के होरोए नतेनते इनिइ मिअद गुयुइ बइलआ। एन गुयु रे गोटा निदाए गितिइतन तइकेना। नेअं-सा रबंग-सा नतेन गुयु दुअर रे गड़ा ऊर केअतेए बुरसीजद तइकेना। रबंग-सा रे निदा मरङ तइकेना। निदा गुयु रे गितिइ चिइ बिरिद जना अर जीरूब जना, एनाते ओड़ओए जीरूब असदिजन चिइ गितिइ रूड़ा जना। नेअंदो सरति कजि गे मेन्दो सेंगेल जुलाकन रे निदा-नुबआ बोंगा-चोंगा, ऊरू-तिजु ओड़ओ बिंग-बिसि लेकन जन्तुकोवआ बोरोआ-का तइना। बलि कोलोम तआ रे भुरसी जीरूबतन जीरूबतन निदा रकम गे जी बुलव लेकन जगरको जगरा अर इनितु जगरको धुनिआ अउरि गितिइ बारि।

निमिरगपा नेअंको कमनतिओं रेदो अलो मनतिंओका मेन्दो ने लेकाते होड़ो रेओ जां दिसुम समाज रे गो-ए बदिलि रे गो-ए रूड़ा, दपल-गोपोए बदिलि रे दपल-गोपोए रूड़ा रे दपल-गोपोएगे होबाइदियोगा। हतु दिसुम बगड़व इदियोगा अर होड़ो होड़ो जीउदन दुकु बकिड़ि रे बकिड़ि इदियोगा। मेन्दो जोअर रआ गोनोंग अपिआ गलेद जूगु रे एनका रअ एनका बइआकन गे तइना।

प्रणाम

किसी वर्ष की बात है, वन में हाथी आया हुआ था। धान मिसनी प्रायः खत्म हो चुका था। कुछ मिसे हुए धान का ढेर खलिहान में रह गया था। पूस माघ का महीना था। तब तक ठंढ भी अंत होने पर था। एक दिन बलि कुम्बा में अकेला सोया हुआ था। संयोग से उसी रात उसके खलिहान में हाथी भी आ गया। धान का ढेर ठीक कुम्बा के सामने था। हाथी ने एक प्रकार की आवाज की 'हाँयं'! बलि सो चुका था पर आवाज सुनते साथ उसने पहचान लिया, 'गणेश देवता आ गए हैं।'' मन में ही उसने कहा। डर से उसके प्राण एक बार तो निकल गए थे। परंतु उसने साँस लेकर कहा, ''आज मैं मर गया। भाग जाना और गुनाह है और मैं भागूं तो किस ओर से? जो भी हो! मैं कुम्बा से नहीं निकलूंगा!'' उसने साहस कर कहा।

उसने मन में निश्चय किया। इसलिए कि हाथी कुम्बा के समक्ष था। निडर हाथी धान खाने के लिए मुड़ा कि बलि ने डर से काँपते हुए धीरे से करवट लिया। कुम्बा में घुटने टेक कर तथा दोनों हाथों को जोड़कर मन ही मन कहा, ''हे गणेश देवता! हे भगवन! महाराज आप महान हैं! मैं एक गरीब व्यक्ति हूँ! आप मुझ पर कृपा कीजिए। आपके भय से मेरे प्राण निकल रहे हैं! दया कर आप यहाँ से तुरंत चले जाइए और मेरे प्राण की रक्षा कर दीजिए। हे गणेश महाराज! मैं आपको बार-बार दिल में प्रणाम करता हूँ।''

''हे गणेश देवता .... प्रणाम करता हूँ।''

वह दिल में ही कुहरा। अनेकों बार उसने नम्रता से भाव किया। अंत

में हाथी क्षणभर में वहाँ से चला गया। बगैर धान खाए।

चाँदनी रात थी। बलि को मालूम था, हाथी के प्रति मन में भी बुरा सोच लेने पर मैं उससे अपने प्राण की रक्षा नहीं कर सकता। इसलिए मन में विनय भाव प्रकट करना उसका एक उपाय था। उसके बाद तो ईश्वर ही जानता था। इसलिए उसने वैसा ही किया। ऐसे ज्ञान को उसने अपने से बड़ों-बूढ़ों से सीखा था, खलिहान में इकट्ठे होकर भूरसी तापते हुए या फिर फुर्सतों में, गपशप की बैठकियों में।

मुंडा अथवा आदिवासी बराबर वन में वास करते आए हैं, जंगली जानवरों के साथ। इन्हीं लोगों ने जंगल साफ कर खेती योग्य खेत बनाया। तब इन्होंने उस भूमि पर कृषि कर जीवन निर्वाह किया। वन की खेती को जानवरों से बचाना पड़ता था। चिड़ियों, बंदर-भालुओं, चूहों तथा खरगोश आदि जानवरों को अपनी ताकत से भगाया जा सकता था था। परंतु, हाथी जैसे बलशाली जानवर को ताकत से भगाया नहीं जा सकता था और न सकाएगा। पर मंत्र से उसको भगाया जा सकता है तथा यह मंत्र विनम्रता का है। ऐसा नहीं कि बल प्रयोग कर उसे नहीं भगाया जा सकता। बल प्रयोग के द्वारा भी कुछ क्षणों के लिए उसे भगाया जा सकता है, परंतु वह क्रोधित हो कहीं न कहीं इस क्रोध का बदला चुका लेता है। वन निवासी या पुराने समय के लोग विनम्रता में ही टिके हुए थे और वे लोग हैं ही विनम्र। वह फिर इस प्रकार से कि "मैं एक छोटा आदमी हूँ। मैंने कठिन परिश्रम कर खेती किया है। यदि आप इसे खा जाइएगा, तब मैं क्या खाऊँगा। आप तो बलशाली तथा महान हैं। आपके लिए संपूर्ण जंगल है। आप चले जाइए और मुझ गरीब आदमी पर कृपा कीजिए। मैं आपको प्रणाम करता हूँ।"

विनम्रतापूर्वक हाथ जोड़कर बोलने से खेत के धान को न खा कर, बिना पीछे देखे हाथी आगे ही चला जाएगा। इस प्रणाम अथवा विनम्रता में ही पूजा-पाठ टिकी है और धर्म। किसी भी धर्म का अर्थ है ईश्वर, देवी-देवता या शक्ति के समक्ष नतमस्तक होना और उसके सामने अपनी विनम्रता व्यक्त करना।

सरना धर्म, प्रकृति की पूजा में आस्था है। इसी प्रकृति व भगवान में कृषि तथा मनुष्य का जीवन हैं इसके अभाव में सुसृष्टि की कल्पना तक नहीं की जा सकती है। इसलिए सरना धर्म ईश्वर का, पुरखों का, गोत्रों को और

प्रकृति में विश्वास रखता है। किसी भी रस्म-कर्म की शुरुआत में तथा अंत करने में और बताए गए शक्तियों की स्मृति में समय व मौसमानुसार अलग-अलग देव नाम के रूप में उनकी पूजा की जाती है। ईश्वर की कृपा तथा उनसे मनचाही इच्छा की कामना में मनुष्य पूजा करता है। उनके नाम अर्पण करता है। उनके समक्ष वह विनती करता है विनम्रतापूर्वक। यही उनके प्रति विनम्रता या प्रणाम है।

प्रणाम, मनुष्य जीवन का सर्वश्रेष्ठ धर्म है। सभी अपने से छोटों को आशीर्वाद देकर उसे प्रणाम करते हैं। किसी भी समाज में सबसे छोटा आदमी तीन या छह दिनों का होता है। उसको प्रणाम करने हेतु किसी भी गाँव में प्रत्येक घर के लोग इकट्ठे होकर कार्यक्रम करते हैं। इस व्यवस्था को छट्ठी कहते हैं। अपने से बड़ों को प्रत्येक व्यक्ति प्रणाम करता है। ग्रामीण समाज में रिश्ते-नातों का अत्यंत महत्व है। जहाँ नाता बड़ा है वहाँ अपने से जन्म से छोटे लोग को प्रणाम किया जाता है। शादी-विवाह जैसे अवसरों पर समाज के सभी छोटे-बड़ों को एक प्रकार आदर के साथ आपस में प्रणाम करने का रिवाज है। गुरु को, अतिथि को, देवता को प्रसन्न करने का एकमात्र मंत्र है प्रणाम।

हमारे समाज में इन सबके अलावे धन माता, मड़वा माँ, पशु-धन माता आदि सभी संसाधनों को प्रणाम या पूजे जाने की प्रथा है। परिवार में किसी के माता-पिता की मृत्यु हो जाने पर उनका खान-पान नहीं हुए तक उस परिवार में न शादी-विवाह बनता है, न ही नया घर बनाया जा सकता है। इसलिए स्वर्गवासी हो गए माता-पिता के खान-पान पर्व उनकी या गुरु की पूजा है व उन्हें प्रणाम करना ही है। आदिवासी समाज में इस प्रणाम पर्व को माघ मास में सामूहिकता से मनाया जाता है। अतः माघ पर्व पुरखों की स्मृति का परब है। किसी व्यक्ति को, मित्र को, अधिकारी को, नृप को व शत्रु को वश में करने का मूल मंत्र 'प्रणाम' है। इसी प्रणाम या विनम्रता से बलि ने बलशाली हाथी से अपनी जान बचाई थी।

सोहराई पर्व के बाद, नवम्बर-दिसम्बर माह में दोन का धान पक गया था। महुआटोली नामक छोटा-सा गाँव वन के किनारे है, वहाँ बलि नामक व्यक्ति ने धान काटने के पूर्व खलिहान बनाया था, धान काटकर इकट्ठा करने के लिए तथा मिसने के लिए। यह खलिहान घर से कुछ दूर पर अवस्थित

था। उस खलिहान में काटे-रखे-जमा किए धान की रखवाली के लिए उसने एक कुम्बा बनाया था। उस कुम्बा में वह रात को सोया करता था। यह समय जाड़े का था। जोरों से ठंढ लग रही थी। इससे बचने के लिए कुम्बा द्वार में वह गड्ढा खोदकर भूरसी भरता था। जाड़े के मौसम में रात लंबी होती है। रात में कुम्बा में सोने के पहले और सोने के बाद जब भी उसे ठंढ लगती वह उठ जाता और तपता, तब वह फिर मन भर तपकर सो जाता था। यह तो सच बात है पर आग जलते रहने पर रात को भूत-प्रेत, कीड़े-मकोड़े तथा साँप आदि जीवों का भय नहीं रहता। बलि खलिहान में रात को भूरसी तपते-तपाते मन बहलाव की बातें बोलता रहता तथा ज्ञान-वर्द्धक उपदेश सुनाता सोने के पहले।

वर्तमान में यह मान्य हो अथवा मान्य न हो, परंतु इस भाँति से मनुष्य में भी किसी प्रदेश व समाज में हत्या के बदले हत्या कर देना, मारपीट के बदले में मारपीट ही होते जाएगा। गाँव-देश बिगड़ता चला जाएगा तथा मानव जीवन अशांति के घेरे में घिरता चला जाएगा। परंतु 'प्रणाम' का महत्त्व सभी कालों में यथावत ही रहेगा।



डॉ. सिकरा दास तिर्की

जन्म : 20 सितम्बर 1954
ग्राम-भण्डरा, खूँटी (झारखण्ड)

माता : स्व. मंगरी देवी

पिता : स्व. सोहराई तिर्की

शिक्षा: एम. ए. (मुंडारी), पीएच. डी.
(राँची विश्वविद्यालय)

मुंडारी आधुनिक साहित्य के विकास में डॉ. सिकरा दास तिर्की का योगदान उल्लेखनीय है। छात्र-जीवन से ही मुंडारी भाषा-साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास के प्रति अगाध जिज्ञासा रखने वाले श्री तिर्की उरांव आदिवासी समुदाय से आते हैं, परंतु मुंडा क्षेत्र में पुरखौती निवास होने के कारण इनकी मातृभाषा मुंडारी है। साहित्य की सभी विधाओं में इनकी रचनाएं स्थानीय, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं। मुंडारी एवं हिंदी दोनों ही भाषाओं में। वर्तमान में आप रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय, राँची (झारखण्ड) में व्याख्याता हैं और मुण्डारी भाषा-साहित्य, संस्कृति, इतिहास पर चिंतन-मनन, लेखन व शोध निर्देशन के क्षेत्र में सक्रिय हैं.

प्रकाशित पुस्तकें : बा चण्डुअ आन तोअउ, झारखण्ड के आदिवासी और उनके गोत्र, वन अधिनियम 2006 (अनुवाद), मुण्डारी लोक साहित्य में इतिहास, मरङ गोमके जयपाल सिंह मुण्डा (अनुवादित नाटक)

सम्पर्क : ग्राम-कुसई, डोरण्डा, राँची (झारखण्ड)

PYARA FOUNDATION

प्यारा केरकेट्टा फाउण्डेशन
चेशायर होम रोड, बरियातु, राँची-834009 झारखण्ड

ISBN : 978-93-81056-36-3